05/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ द्विपक्षीय वार्ता की, जिसका उद्देश्य दोनों पड़ोसी देशों के बीच रणनीतिक और विकासात्मक साझेदारी को मजबूत करना था। दोनों नेताओं की मौजूदगी में रक्षा, ऊर्जा और व्यापार समेत विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की पड़ोसी पहले नीति और क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास मिशन (सागर) में श्रीलंका का महत्वपूर्ण स्थान है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके से 'मित्र विभूषण पुरस्कार' प्राप्त किया।

0000000000000000000000

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अगले साल मार्च के अंत तक छत्तीसगढ़ में रेड टेरोर का खात्मा करने का संकल्प दोहराया। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में आज बस्तर पांडुम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए गृहमंत्री ने माओवादियों से हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने छत्तीसगढ़ की आदिवासी कला और शिल्प को बढ़ावा देने के लिए बस्तर पांडुम की प्रशंसा की और घोषणा की है कि अगले साल हर आदिवासी जिले के कलाकार इसमें भाग लेंगे।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने असम के अपने समकक्ष हिमंत बिस्वा सरमा की सराहना करते हुए उन्हें पूर्वोत्तर का एक गतिशील नेता और देश के राजनीतिक परिदृश्य में एक प्रमुख व्यक्तित्व कहा है। मुख्यमंत्री ने आज वेस्ट सियांग जिले के आलो में उनसठवें मोपिन उत्सव समारोह में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आलो में श्री सरमा की उपस्थिति राज्य और राज्यवासियों के प्रति उनके प्यार को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे पूर्वोत्तर में शासन और विकास की गति में पूर्ण परिवर्तन देखा गया है। असम के मुख्यमंत्री द्वार सभा को संबोधित करते हुए, असम की ओर से पूरे राज्य वासियों को विशेष कर गालो समुदाय को मोपिन की शुभकामनाएं दी है। कृषि आधारित इस उत्सव को श्री शर्मा ने एकता और भाईचारे का पर्व बताया। इस बीच, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने वेस्ट सियांग जिले के मुख्यालय आलो में डेली मार्केट शेड के निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपये और बहुमंजिला पार्किंग स्थल के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये मंजूर करने की घोषणा की। इस बीच, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने नाहरलागुन में मोपिन उत्सव के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लिया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने भी राज्य के लोगों, खासकर गालो समुदाय को मोपिन उत्सव के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि यह त्योहार सभी के लिए शांति, समृद्धि और खुशी लेकर आए।

0000000000000000000000

अरुणाचल युथ पारलियामेंट 2.0 का समापन कल ईटानगर में विधान सभा के डी.के. ऑडिटोरियम हॉल में हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान, डॉन बॉस्को कॉलेज, जोलांग को बेस्ट इंस्टिट्यूट का पुरस्कार प्राप्त हुआ और जारबोम गामलिन गवर्नमेंट लॉ कॉलेज, जोते के गांको मिसो ने बेस्ट स्पीकर एवं मोस्ट प्रोमिसिंग युथ लीडर का खिताब अपने नाम किया। देरा नातुंग गवर्नमेंट कॉलेज, ईटानगर की डोली ओरी को बेस्ट डिबेटर और डॉन बॉस्को कॉलेज की आन्या सारी को बेस्ट रेबुटल स्पीकर का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा, विशेष जूरी पुरस्कारों ने राजीव गांधी गवर्मेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज के एगाम बासार और बाके ओलो तागार को अपकामिंग युथ लीडर के रूप में सम्मानित किया, जबकि NERIST की क्रिस्टीना एते और विंधा सिंधु ने बेस्ट इनोवेटिव आइडिया का खिताब जीता। हिमालयन यूनिवर्सिटी, जोलांग को बेस्ट एटैंडेंस इंस्टिट्यूट का पुरस्कार मिला।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग पुलिस ने एक अंतर-राज्यीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए बुधवार को पासीघाट और असम के जोनाई से ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत एक आईआरबीएन कर्मी सहित तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान उनके पास से लगभग 42.64 ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की गई। कथित तस्करों की पहचान जोनाई के अब निलंबित आईआरबीएन कर्मी मिजुम दामिन, ओजोंग ओसिक और सुजीत दास के रूप में हुई है। दामिन और ओसिक के खिलाफ पासीघाट पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसआई सी.आई. मांचे आगे की जांच करेंगे।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के कामले, लोअर सुबनसिरी, पापुमपारे, सियांग, वेस्ट सियांग, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, लोहित और अंजाव जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने का अनुमान लगाया है।

0000000000000000000000

केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज नई दिल्ली में 62वें राष्ट्रीय समुद्री दिवस के उपलक्ष्य में समुद्री जागरूकता वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देना चाहिए और अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और दिल्ली सरकार ने शनिवार को नई दिल्ली में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लागू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम के दौरान, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य लाभ दिया जाता है।

0000000000000000000000